हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 28 जून 2025



06 बरसते पानी में नगर में निकली जगदीश...


09 छप्पन भोग लगाकर मालपुआ तैयार किए...


## खबर संक्षेप

### गुरुकुल की रथयात्रा आज शाम 5 बजे से

**विदिशा।** भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल के द्वारा रथयात्रा का आयोजन शनिवार की शाम 5 बजे चिंतामणी गणेश मंदिर से किया जाएगा। सर्वसाक्षी दास के अनुसार यह रथयात्रा बड़ा बाजार निकासा रोड होते हुए माधवगंज से अग्रवाल धर्मशाला में समापन होगा।

### जिलेभर में 24 घंटे में 15.3 मिमि बारिश

**विदिशा।** जिले में बीते 24 घंटे में औसतन 15.3 मिमी बारिश दर्ज हुई। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि तहसीलों में लगे वर्षामापी यंत्रों से यह आंकड़े मिले हैं। सबसे ज्यादा बारिश शमशाबाद में 31 मिमी हुई। सबसे कम गुलाबगंज में 3 मिमी दर्ज की गई। विदिशा में 16 मिमी, बासौदा में 10.8 मिमी, कुरवाई और लटेरी में 7-7 मिमी, सिरोंज में 28 मिमी, ग्यारसपुर में 13 मिमी, नटेरन में 17 मिमी और पठारी में 20.4 मिमी बारिश हुई। यह आंकड़े जिले में मानसून की स्थिति को समझने में मदद करेंगे।

### सीएम हेल्पलाइन की 4964 शिकायतें लंबित

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन की 100 दिन से ज्यादा पुरानी शिकायतों के निराकरण पर जोर दिया। जिले में कुल 5,278 शिकायतें दर्ज हैं। इनमें से 4,964 शिकायतें 100 दिन से ज्यादा समय से लंबित हैं। अब तक 28.26% शिकायतों का निराकरण हो चुका है। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि तीन दिन में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। जिन मामलों का निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है, कारण विभाग को भेजें। उन्होंने कहा कि विशेष क्लोज और आंशिक बंद की प्रक्रिया भी तय समय में पूरी की जाए।

### तीन माह में सेवानिवृत्त होंगे 98 कर्मचारी

**विदिशा।** जिले में अगले तीन महीनों में 98 सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त होंगे। जिला पेंशन अधिकारी रूपेंद्र सिंह मरावी ने बताया कि जून में 29 जुलाई में 42 और अगस्त में 27 कर्मचारी रिटायर होंगे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में हर महीने की 10 तारीख को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में कार्यक्रम होगा। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि रिटायरमेंट से छह माह पहले जानकारी उपलब्ध कराएं। ताकि सभी दावों का भुगतान सेवानिवृत्ति की तारीख पर हो। यह व्यवस्था कर्मचारियों को समय पर उनका हक दिलाने के लिए की गई है।

### पंचतत्व में विलीन हुए चौधरी शिवनारायण शर्मा

**विदिशा।** ग्राम देवखजूरी गांव के चौधरी शिवनारायण शर्मा निवासी गुप्तेश्वर मंदिर अंदरकिला विदिशा का गुरुवार की शाम को निधन हो गया था। शुक्रवार की सुबह बेतवा तट मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे देवखजूरी निवासी ब्रह्मप्रकाश, रोहित विक्रम के पिताजी थे। समाजबंधुओं ने मुक्तिधाम पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

**रथयात्रा :** नगर भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देने और उनके हालचाल जानने निकलते हैं भगवान

# जगन्नाथपुरी मानोरा में भगवान के दर्शन करने उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 5 लाख ने किए दर्शन

**ग्यारसपुर तहसील के प्रसिद्ध मानोरा में आयोजित जगदीश स्वामी रथ यात्रा में इस वर्ष 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं ने भगवान के दिव्य दर्शन किए। भोर काल में प्रातः 4 बजे भगवान आने का संकेत हुआ और स्वता ही पट खुल गए। इसके बाद भगवान के आगमन के पश्चात पूजा अर्चना प्रारंभ हुई। पूजा अर्चना के बाद सुबह 7 बजे भगवान रथ पर आरूढ़ होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए निकले। दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा। जगह-जगह नगर की महिलाओं के द्वारा अपने द्वार पर गौ माता के गोबर से लीपकर सुंदर रंगोली बनाकर दीप जलाए और कलश सजाया।**

### मनोरा के साथ विदिशा शहर में इस्कॉन, नदवाना, द्वारकाधीश मंदिर सहित पूरनपुरा से निकले रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जगन्नाथ पुरी मानोरा मंदिर के पुजारी भगवती प्रसाद ने बताया है कि 400 वर्षों से यात्रा निकल रही है। उनकी नवी पीढ़ी भगवान की पूजा में लगी हुई है। उन्होंने बताया कि भक्त तरफदार मानकचंद और धर्मपत्नी पद्मावती उड़ीसा के लिए भगवान के दर्शनों की अभिलाषा लेकर पिंड भरते हुए। भगवान ने आधे रास्ते में ही भक्ति की भक्ति से प्रसन्न होकर दर्शन दिए। वरदान दिया कि मैं तुम्हारे गांव मानोरा आया करूंगा और तुम उत्सव मनाना। उसी दिन से आषाढ़ सुदी दूज के दिन भगवान आते हैं और 400 वर्षों से यह यात्रा चली जा रही है। भगवान के श्री विग्रह को उड़ीसा से पंडा लेकर आए थे और तभी से मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था। पुजारी ने बताया कहा कांस्य मलयागिरी चंदन का भगवान का श्री विग्रह है जिनमें स्वयं भगवान जगन्नाथ स्वामी बलभद्र और बहन सुभद्रा जी विराजमान हैं। यात्रा में भगवान जगन्नाथ के रथ को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की धर्मपत्नी साधना सिंह ने खींचा। इस अवसर पर गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी और विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने भी भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ के बीच पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। आयोजन के दौरान हाईवे पर एक से दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। भीड़ के चलते कुछ असामाजिक तत्वों ने महिलाओं के मंगलसूत्र और श्रद्धालुओं के पर्स चुराए, जिससे कई श्रद्धालु परेशान दिखे। इसके बावजूद, भक्तों की आस्था और उत्साह में कमी नहीं आई। भगवान जगन्नाथ ने भक्तों को दर्शन देकर उनका आशीर्वाद प्रदान किया। रथ यात्रा के मार्ग में जगह-जगह भक्तों के लिए जलपान और लंगर की व्यवस्था की गई। पुलिस प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी। यह रथ यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रही। श्रद्धालुओं का यह उत्साह भगवान के प्रति उनकी गहरी आस्था को दर्शाता है।



**विदिशा।** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा के विग्रह की निकाली रथयात्रा।

### इस्कॉन की रथयात्रा रही आकर्षक

इस्कॉन मंदिर विदिशा सेंटर द्वारा विदिशा नगर में भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रह के साथ नगर में रथयात्रा निकाली गई। रथ में मंदिर के प्रभारी राधाभाव दास और भाजपा नेता मनोज कटारे साथ चल रहे थे। कृष्णभक्तों के द्वारा रथ को खींचा जा रहा था। यह रथ यात्रा देवी के बाग से मेन मार्केट से होते हुए दुर्गानगर पहुंची। रथयात्रा में शामिल कृष्णभक्तों के द्वारा इस्कॉन के भक्तीगीतों पर नाचते थिरकते हुए चल रहे थे। यह दृश्य राहगीरों के लिये आकर्षण का केंद्र बना रहा। द्वारकाधीश मंदिर से भी रथयात्रा निकाली गई। जिसमें किलाअंदर सहित नगरवासियों ने भाग लिया। इसी तरह नदवाना मंदिर से निकाली गई रथयात्रा में भक्तों ने उत्साह से भाग लिया। पार्षद आशीष माहेश्वरी रथयात्रा में लगे ट्रैक्टर को चलाते हुए सवार थे। इसी तरह पूरनपुरा चौराहे से भी भगवान जगन्नाथ जी की संतोष कुशवाह के निवास से रथयात्रा निकाली गई।

**शेरपुरा में फायरिंग पर असमंजस बरकरार**

## विदिशा के शेरपुरा की जंगलिया कॉलोनी में फायरिंग पर पुलिस बेनतीजा, अपराधी पकड़ से दूर



**विदिशा।** घटना के समय सर्चिंग करते हुए पुलिस अधिकारी। फाइल फोटो

### पंक्षियों का शिकार करने वाली रायफल भी बरामद हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगर के शेरपुरा स्थित जंगलिया कॉलोनी में मंगलवार को हुई फायरिंग मामले में पुलिस चार दिन बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी।

पुलिस ने पूरे मोहल्ले के प्रत्येक घर में जाकर तलाशी ले ली है। पंक्षियों का शिकार करने वाली रायफल भी बरामद हुईं लेकिन असल आरोपी पकड़ से दूर है। एएसपी प्रशांत चौबे का कहना है कि शिकार वाली गन के लिये लायसेंस अनिवार्य नहीं होता है। इसी से पाइंट-22 का बुलेट पर चल जाता है। ऐसे में कुछ लोग पक्षियों का शिकार करने के लिए रखते हैं। पाइंट-22 की गोली वाली रायफल का लायसेंस अनिवार्य होता है। आमतौर पर इस तरह की गन से छर्रे चलाए जाते हैं लेकिन शेरपुरा में हुई घटना में पाइंट-22 की गोली चलाई गई है। पुलिस ने गोली का खोखा और बुलेट भी बरामद किया है। पुलिस ने सभी पहलुओं पर जांच कर ली है लेकिन अपराधी तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस को अब इस पर संदेह हो रहा है कि कहीं किसी शरारती व्यक्ति के द्वारा पक्षी का शिकार करते समय यह घटना हुई हो। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे के आसपास मंदिर से पूजा करके घर जा रही महिला सरोज कुशवाह को पाइंट-22 की गोली गले के पास जाकर लगी। इसी दौरान फिर से हुई फायरिंग में घर पर खड़ी दूसरी महिला पुष्पा पासी के हाथ के बाजू में गोली लगी।

## जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद, 6 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

लटेरी तहसील अंतर्गत थाना उनारसी कला क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर में शासकीय जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गये। शुक्रवार की सुबह 9 बजे जमीनी विवाद में मारपीट में दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी में भर्ती कराया गया है।

घायलों में रामकिशन रानी बाई पत्नी रामकिशन, हल्किया पुत्र डल्लू (65), शांति बाई पत्नी हल्किया (60) घायल हो गए( जबकि दूसरे पक्ष के नारायणपुर कला के पर्वत गुर्जर] गुड्डा गुर्जर] हंसराज गुर्जर शामिल हैं। थाना प्रभारी के अनुसार शासकीय जमीन पर कब्जे को लेकर झगड़ा हुआ है। दोनों पक्षों के 6 लोगों को इलाज के लिए लटेरी हॉस्पिटल भेजा गया है। दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। रोकने पहुंचा तब लोग उग्र हो गए और धीरे-धीरे दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी-डंडा चलाने लगे। इस घटना में चार लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज किया गया गया। वही गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जिला चिकित्सालय विदिशा रेफर किया गया है।

### छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष सश्रम कारावास

**विदिशा।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा (पॉक्सो एक्ट) जिला विदिशा ने नाबालिग बालिका के साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ करने वाले दोषी निवासी जिला रायसेन को 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं कुल 3 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया। उक्त प्रकरण में पैरवी सहायक विशेष लोक अभियोजक प्रतिभा गौतम द्वारा की गई। अभियोजन की तरफ से गार्गी झा ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 नबंवर 2024 के एक सप्ताह पहले उसके मम्मी-पापा घर से बाहर गए थे, घर पर वह व उसकी बड़ी बहन थे। वह घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थी तभी आरोपी उसके घर को अंदर आया और बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया और अपनी तरफ खींचने लगा और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। वह चिल्लाई तो उसके मम्मी-पापा और बहन आ गए और आरोपी उनको अश्लील गालियां दीं। पड़ोसी द्वारा बीच-बचाव किया गया। आरोपी द्वारा परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। सिविल लाइन पुलिस द्वारा प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अभियोजक के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई।

## मानोरा मेले में पहुंचकर जिला परिवहन अफसर ने वाहनों की जांच कर की कार्रवाई

**यात्री बस की फिटनेस सही नहीं मिली, फिटनेस प्रमाण पत्र किया निरस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने मानोरा में वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान 6 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनमें से 4 वाहनों से शमन शुल्क वसूला। शेष 2 वाहन प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जप्त कर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखे गए। एक यात्री बस की फिटनेस की स्थिति सही न पाई जाने के कारण उसका फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से मानोरा मेले में यात्रियों का परिवहन करने वाले यात्री वाहनों तथा लोडिंग वाहनों में यात्रियों का परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई। यात्री बसों की जांच के दौरान मेले में यात्रियों को लाने ले जाने वाली बसों में ओवरलोड सवारी न बैठाने तथा निर्धारित किराए से अधिक किराया न लेने के संबंध में बस चालकों को लगातार निर्देश दिए गए।



**विदिशा।** वाहनों की जांच करते हुए जिला परिवहन अधिकारी।

### 93 प्रतिशत से अधिक राशन हितग्राहियों की हुई ई केवाईसी

**विदिशा।** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जिले में 10 लाख 38 हजार 51 हितग्राहियों का ई-केवाईसी अपडेट हो चुका है। यह कुल पंजीकृत हितग्राहियों का 93.78% है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि राशन मित्र पोर्टल पर कुल 11 लाख 6 हजार 930 हितग्राही दर्ज हैं। अब 68 हजार 879 हितग्राहियों का ई-केवाईसी शेष है। यह कार्य 30 जून 2025 तक पूरा किया जाएगा। ई-केवाईसी का कार्य उचित मूल्य दुकानों, ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों, वार्ड प्रभारियों और मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। अपात्र और मृत हितग्राहियों के नाम हटाने की प्रक्रिया भी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों द्वारा जारी है।

### सिरोंज में डिप्लोमा कोर्स में दाखिले के लिए काउंसलिंग शुरू

**विदिशा।** सिरोंज पॉलिटेक्निक कॉलेज में कॉलेज लेवल काउंसलिंग के तहत डिप्लोमा कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो रही है। दो वर्षीय डिप्लोमा (लेटरल एंट्री) में आईटीआई या 12वीं (गणित, भौतिकी, रसायन) पास विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए पंजीयन 5 जुलाई से 13 अगस्त तक होंगे। प्रवेश 16 जुलाई से 14 अगस्त तक होंगे।

## लंबा समय बीतने के बाद विदिशा विधानसभा के सभी 6 मंडलों की कार्यकारिणी नहीं हो सकी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भारतीय जनता पार्टी विदिशा जिले के मंडलों की कार्यकारिणी घोषित हो चुकी है लेकिन विदिशा विधानसभा के मंडलों का गठन नहीं हो सका है।

विदिशा विधानसभा के 6 मंडलों के अध्यक्षों के नाम पहले ही घोषित किये जा चुके हैं लेकिन कार्यकारिणी नहीं बनाई जा सकी है। विदिशा में गुलाबगंज, अहमदपुर, ढोलखेड़ी, बैसनगर, दुर्गानगर सहित वैत्रवति मंडल हैं। इनके अध्यक्ष क्रमशः प्रतीक सिंह कंग, रामेश्वर किरार, अंकित दुबे, दिनेश कुशवाह, सुरेंद्र सिंह चौहान और प्रशांत खत्री मंडल अध्यक्ष हैं। इनमें से अंकित दुबे और प्रशांत खत्री नये मंडल अध्यक्ष हैं शेष चारों को रिपीट कतरे हुए दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया है। सभी मंडलों की कार्यकारिणी के नाम फायनल करने में विधायक मुकेश टंडन की अंतिम मोहर को मान्य किया जाएगा। सभी नेताओं की राय पर भी विचार किया जा सकता है। लेकिन अब नेताओं की राय लेने का समय नहीं बचा है। मंडल स्तर के संगठन का खाका मंडल अध्यक्ष और विधायक के अनुसार ही मंशानुसार ही तय किया जाएगा। जिससे संगठन संचालन मजबूती से किया जा सके। भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी का कहना है कि शेष सभी मंडलों की कार्यकारिणी घोषित हो जाएगी।

### शीघ्र हो सकती है कार्यकारिणी की घोषणा

भाजपा जिला अध्यक्ष के पद पर महाराज सिंह दांगी के नाम की घोषणा होने के बाद कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी का बेसब्री से इंतजार है। जिला कार्यकारणी में शामिल होने के लिये लोग अंदर ही अंदर प्रयासों में जुटे हैं। लेकिन विधायकों की अनुशंसा से ही पदाधिकारी बनाए जाएंगे। मंडल कार्यकारिणी में शामिल होने के लिये भाजपा कार्यकर्ताओं ने निराश होकर प्रयास ही बंद कर दिया है। कार्यकर्ताओं ने शुरु में नेताओं के चक्कर काटे। लेकिन निराश होकर घर बैठ गये हैं। अंदरखाने की बात तो यह है कि मंडलों की संपूर्ण कार्यकारिणी बन चुकी है और घोषणा होना शेष है।

## शिक्षकों की ई-अटेडेंस लागू करने पर राज्य शिक्षक संघ ने किया विरोध

**राज्य शिक्षक संघ ई-अटेंडेस के विरोध में आज तहसील स्तर पर सौंपेगा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

सिर्फ शिक्षक संवर्ग के लिये ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू किये जाने पर शिक्षकों ने विरोध करना शुरु कर दिया है। राज्य शिक्षक संघ ने आरोप लगाया है कि शिक्षकों के लिए ऐसा लागू करने से समाज में ऐसा संदेश देता है कि शिक्षक कर्तव्य के प्रति लापरवाह और गैरजिम्मेदार हैं। राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने ऐसे कुप्रचार को फैलाने वाली ई अटेंडेंस व्यवस्था को सिर्फ शिक्षकों के लागू किए जाने को अन्यायपूर्ण बताया। संघ के प्रदेश महासचिव राजेश एलिया ने जारी प्रेस नोट में कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करना सरकार का हक है पर इसे मध्यप्रदेश के समस्त विभागों के समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों पर एक साथ लागू किया जाना चाहिए। संघ ने सरकार को चेताया कि गुरु परंपरा को खंडित करने वाली इस योजना में प्रदेश का शिक्षक संवर्ग तब तक शामिल नहीं होगा जब तक यह केवल उनके लिए है।

राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि विगत दिवस मध्य प्रदेश के 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित मुख्यमंत्री जी ने शासकीय शिक्षकों एवं विद्यालयों की तारीफों के पुल बांधे थे और कुछ दिन गुजरते ही केवल उनके लिए ही अटेंडेंस योजना लागू करना शिक्षकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। संघ ने चेताया कि सरकार को समाज में गुरु के सम्मान के बने स्तर को खंडित करने वाले किसी भी कदम को उठाने से बचना चाहिए। राज्य शिक्षक संघ ने 28 जून को मध्य प्रदेश के समस्त विकासखंड स्तर पर ई अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों में एक साथ लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है।

**बेतवा के उदगम स्थल पर चेकडेम और जल सरंचनाओं का किया निर्माण**

## बेतवा नदी के उदगम स्थल पर न टूटे कभी धार, इसके लिए गांधीवादी झिरी गांव में निजी स्तर पर लगवा रहे हैं फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सदानीरा बेतवा नदी की इस बार धार टूटी तो चिंता व्यक्त करते हुए गांधीवादी कार्यकर्ताओं की टीम सामने आई है। यह टीम पौधे लगाने का कार्य करने में जुटी हुई है।

सुप्रसिद्ध गांधीवादी आरके पालीवाल और डॉ सुरेश गर्ग की पहल पर बेतवा के उद्गम स्थल झिरी गांव में किसानों के साथ मिलकर फलदार पौधे लगाने का काम शुरु किया गया है। डॉ सुरेश गर्ग के अनुसार झिरी गांव के किसानों के साथ मिलकर फलदार पौधे लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें आम, आमरूद, कटहल जैसे आमदनी बढ़ाने वाले फलदार पौधे लगाने का कार्य किया जाएगा।



**विदिशा।** झिरी गांव में पौधे लगाने का कार्य किया जा रहा है।

- बेतवा उद्गम झिरी गांव में पांच साल तक पौधे लगाए जाएंगे

डॉक्टर गर्ग के मुताबिक एक परिवार को फिलहाल 10 पौधे दिये जा रहे हैं। झिरी गांव में आदिवासी समुदाय के करीब 70 से 80 परिवार निवास करते हैं। भविष्य में एक नर्सरी विकसित करने की योजना पर विचार किया जा रहा है। जिससे बेतवा के उदगम स्थल के चारों तरफ फलदार पौधे लगाकर जलस्तर को बढ़ाया जा सके। दूसरी तरफ किसानों की आमदनी बढ़ेगी तो उनका भी सहयोग इस अभियान में प्राप्त हो सकेगा। गांधीवादी कार्यकर्ताओं की टीम ने मई और जून माह के दौरान बेतवा उद्गम स्थल के आसपास जल सरंचनाओं का निर्माण किया जा चुका है। चैकडेम बनाए जा चुके हैं। प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी सहित तमाम लोगों ने गर्मी के मौसम में कई डेम बनाए और जलस्तर बढ़ाने जल सरंचनओं का निर्माण किया जा चुका है। डॉ गर्ग बताते हैं कि पौधे लगाने की यह योजना आगामी 5 वर्ष को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही है। जल्दी ही बैठक होने वाली हैं।

## खबर संक्षेप

### नपा में कृत्रिम अंग वितरण शिविर आज

**गंजबासौदा।** राष्ट्रीय योजना अंतर्गत जीवन सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन शनिवार को दोपहर 12 बजे से नगर पालिका परिसर में किया गया है। जिसमें हिग्राहियों से लाभ लेने की अपील की गई है।

### नौलखी में आज से होगी प्रभु जगन्नाथ की कथा

**गंजबासौदा।** वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम से भगवान जगदीश रथ यात्रा शुक्रवार को पूरे नगर का भ्रमण करते हुए देर रात अपनी मौसी के घर स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर पहुंची जहां महाप्रभु जगन्नाथ ग्यारस तक विश्राम करेंगे। नौलखी मंदिर में विराजमान महाप्रभु जगन्नाथ बहन सुभद्रा और बलभद्र जी के स्वागत में शनिवार से प्रतिदिन उत्सव प्रारंभ हो जाएंगे जो की 6 जुलाई तक चलेंगे, जहां भक्तों द्वारा भगवान को प्रतिदिन नए-नए व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इसके अलावा 28 जून शनिवार से प्रतिदिन शाम 4:30 बजे से 6:30 तक भगवान जगन्नाथ की कथा का वाचन कथा व्यास श्री महंत राम मनोहर दास जी महाराज द्वारा किया जाएगा। शाम 7 बजे से 8 बजे तक सीताराम संकीर्तन एवं रात्रि 9 बजे से प्रतिदिन बाहरी कलाकारों के अलावा स्थानीय अलग-अलग कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी जिसमें 28 जून पं. सुरेश भार्गव द्वारा संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ, 29 जून मनोहर राव भोपाल द्वारा भजन संध्या , 30 जून नारायण महाराज विदिशा द्वारा गम्मत , 1 जुलाई प्रकाश पाठक विदिशा शास्त्रीय गायन, 2 जुलाई दुर्गेश महाराज, अमित महाराज विदिशा भजन संध्या, 3 जुलाई माँगरोद की भक्त मंडली लोक संगीत ,4 जुलाई सुदीन श्रीवास्तव विदिशा शास्त्रीय गायन, 5 जुलाई रूपेश सक्सेना भजन संध्या एवं 6 जुलाई को ब्रजराज अग्रवाल द्वारा भाव भजनांजलि की प्रस्तुति दी जाएगी।

### अवैध उत्खनन पर वन विभाग की कार्रवाई



**गंजबासौदा।** वन विभाग की टीम ने अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बीट उदयपुर क्षेत्र में गश्ती के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। वनमंडल अधिकारी हेमंत यादव के निर्देशानुसार यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी ब्रज मीना के नेतृत्व में की गई। अवैध खनन की सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने गस्ती अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर भीकम सिंह अहिरवार को अवैध उत्खनन सामग्री ले जाते हुए पकड़ा गया। उसके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्रवाई महेन्द्र सिंह दांगी, वनपाल एवं चौकी प्रभारी भिलाय तथा राहुल मेहता, वनरक्षक एवं बीट गार्ड उदयपुर की संयुक्त टीम ने की।

## नगर सहित ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

# बरसते पानी में नगर में निकली जगदीश स्वामी की तीन रथयात्राएं,भक्तों ने पाया भात का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्राएं नगर में बरसते पानी के बीच बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गईं। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में तीन रथ यात्राएं निकलीं। जिनमें से पहली यात्रा बेतवा तट स्थित नौलखी धाम से नवीन विग्रह और नए रथ के साथ निकाली गई। दूसरी यात्रा भावसार समाज मंदिर से और तीसरी रथयात्रा बरेठ रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकाली गई। जिनमें से दो रथयात्राएं तो नगर भ्रमण कर वापिस मंदिर पहुंच गईं। लेकिन नौलखी धाम की रथयात्रा देर रात नौलखी मंदिर पहुंची। जहां भगवान को विश्राम कराया गया।















नगर में निकली रथयात्राओं में नगर के अलावा ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में आए श्रद्धालु भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन पाने के लिए उतावले थे। भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा में शामिल युवाओं ने अखाड़े के दौरान अपनी कला और कौशल का परिचय दिया। वहीं विभिन्न गांवों की भजन मंडलियों ने भी पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर भजन एवं कीर्तन की प्रस्तुतियां दीं। उधर नगर के विभिन्न स्थानों पर कई संगठनों, संस्थाओं और नागरिकों ने श्रद्धालुओं के लिए भात, खिचडी, शरबत, खीर सहित अन्य प्रसादी के भोग का वितरण किया। साथ ही श्रद्धालुओं को जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। प्रसादी वितरण के काउंटरों पर देर रात तक प्रसादी लेने के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा के उपलक्ष्य में पारासरी नदी पुल पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, बीके शर्मा, अनिल अग्रवाल, मनोज डागा, मुकेश अरोरा, अशोक जैन, अशोक अग्रवाल मंकूजी, लक्ष्मीकांत शर्मा, अजय जैन, देवेन्द्र रघुवंशी, कदीर भाई, एवं मित्र मंडली द्वारा प्रसादी वितरण किया गया। वहीं श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में प्रसादी भंडार का आयोजन किया गया।

इधर आंबेडकर चौक पर पोहा, नेहरू चौक पर आलूबडा, सुभाष चौक पर खीर, पूडी, सब्जी के अलावा विभिन्न स्थानों पर भात सहित अन्य तरह की प्रसादी का वितरण चलता रहा।

भगवान जगदीश स्वामी रथ यात्रा के मौके पर नवदुर्गा उत्सव समिति ब्लॉक ऑफिस के सदस्यों ने जगन्नाथ का भात श्रद्धालुओं प्रसादी के लिए भेंट किया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी का प्रसाद पाकर भगवान जगदीश स्वामी के जयकारे लगाए। सुबह के समय पूरे विधि विधान के साथ ब्लॉक ऑफिस स्थित माता रानी की प्रतिमा को बीच चबूतरे पर विराजमान कराया। वहीं शंकर जी नंदी, गणेश जी, पार्वती जी की प्रतिमाओं को भी माता रानी के पास बने छोटे चबूतरे पर पूजा पाठ के उपरांत स्थापित किया गया। अभी दोनों मंदिरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और जब तक पूर्ण मंदिर बन नहीं जाता तब तक माता रानी और शंकर भगवान की प्रतिमाएं बीच चबूतरे पर ही विराजमान रहेगी।

यहां उल्लेखनीय है कि नौलखी मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ और बहन सुभद्रा के नवीन विग्रह स्थापित हैं। रथयात्रा में इनके सुलभ दर्शनों के लिए नए स्टील के रथ का आकार बढा दिया गया। जिससे श्रद्धालुगण आसानी से जगन्नाथ भगवान के दर्शन कर सकें। दोपहर में शुरू हुई यह रथयात्रा श्रद्धालुओं की भीड के चलते धीरे धीरे आगे बढते हुए देर रात को नौलखी मंदिर पहुंची। जहां विधिवत पूजन अर्चन के बाद भगवान को रात्रि विश्राम कराया गया। वहीं बैदनखेडी स्थित मंदिर और बरेठ रोड पर पंचमुखी हनुमान मंदिर की रथयात्राएं भी नगर भ्रमण कर वापस अपने मंदिरों में पहुंचीं।

उधर नगर पालिका द्वारा हर आयोजन की तरह इस बार भी रथयात्रा के निकलने के बाद मुख्य मार्गों की सफाई कराई गई। इससे पूर्व सुबह भी रथयात्रा मार्गों की सफाई कराते हुए चूने की लाइन डालते हुए कीटनाशकों का छिडकाव कराया गया था। जबकि दोपहर बाद रथयात्राओं के पीछे नपा अमला कचरा वाहन सहित चलता रहा और यात्रा के बाद पूरे मार्ग की व्यवस्थित सफाई की जाती रही।

नगर में अनेक स्थानों पर भगवान जगदीश स्वामी की रथयात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा फूल, मालाओं, प्रसादी अर्पित कर स्वागत किया गया और भगवान जगदीश स्वामी की पूजन अर्चन की गई। भगवन जगदीश स्वामी की रथयात्रा के दौरान नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव व्यवस्थाओं को देखने मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं ने भगवान जगदीश स्वामी की रथयात्राओं में शामिल होकर पूजन अर्चन कर मंगल कामना की। हांलाकि सुबह से मौसम साफ बना हुआ था, लेकिन शाम को तेज गरज चमक के साथ नगर में हल्की बारिश हो गई। जिससे रथयात्रा के दिन बरसात होने की मान्यता भी पूरी हो गई। इस दौरान एसडीएम विजय राय सहित पूरा प्रशासन एवं पुलिस एवं यातायात अमला व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं के सुरक्षा प्रबंधों में जुटा रहा।

## उदयपुर पीएससी केन्द्र के बाहर महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**गंजबासौदा।** उदयपुर में पीएससी केंद्र के बाहर गर्भवती महिला ने सुबह साड़े पांच बजे एक बच्चे को जन्म दिया। महिला के परिजनों ने बताया कि जब वह गर्भवती महिला को केंद्र पर लेकर आए तब पीएससी केन्द्र पर ताला लगा हुआ था, कोई स्टाफ ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। जब गर्भवती महिला विनीता के पति रमेश आदिवासी एएनएम रागिनी को निवास पर बुलाने के लिए पहुंचे तो एएनएम ने उसे देर से आने के लिए कहा। जब रमेश लौटकर पीएससी केंद्र पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी पत्नी का केंद्र के बाहर ही प्रसव हो गया है। डिलीवरी होने के लगभग आधे घंटे के बाद एएनएम वहां पर पहुंची फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।



## विद्यार्थियों ने रोजगार मेले में खोजे अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




मध्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग विभाग द्वारा आयोजित एक भव्य रोजगार मेले ने स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए द्वार खोलने का सुनहरा अवसर प्रदान किया। यह आयोजन एसएटीआई कॉलेज के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के निर्देश पर डॉ. पवन जैन के नेतृत्व में विद्यार्थियों का एक दल इस मेले में शामिल हुआ। इस दल ने रोजगार मेले की विभिन्न नामी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रोजगार के विविध अवसरों, उद्योगों की आवश्यकताओं और कौशल विकास की संभावनाओं को गहराई से समझा। यह रोजगार मेला न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि छोटे शहरों के युवाओं के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस तरह के आयोजन भविष्य में और अधिक युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## नहीं हटेंगे आदिवासियों के घर एसडीएम ने दिया आश्वासन



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को एसडीएम विजय राय ने प्रशासनिक अमले के साथ चौरावर पहुंचकर आदिवासियों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती के पीछे स्थित भूमिस्वामी द्वारा रास्ता बनाने टपरे तोड़ने की धमकी दी जा रही है। उक्त संबंध में एसडीएम द्वारा भूमिस्वामी को बिना अनुमति शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण, चीरे इत्यादि न लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा ग्रामीणों को भी आश्वस्त किया गया कि उनके घर नहीं हटाए जाऐंगे। इस मौके पर विद्युत ट्रांसफार्मर जली पाई गई, जिसे तत्काल रिपेयर कराने हेतु विद्युत वितरण कंपनी की टीम भेज दी गई है, साथ ही आवेदनकर्ता लोगों से कहा गया है कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा या परेशानी प्रतीत होती है तो तत्काल प्रशासन को बताऐं उनकी समस्या के संबंध में नियमानुसार उचित निराकरण तत्काल किया जाऐगा।

### जले ठूठ पर बैठकर गई कोयलिया कूक, बाल न बांका कर सकी शासन की बंदूक

## साहित्यकार संघ की काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रिमझिम फुहारों के बीच साहित्यकार संघ के सृजनशील रचनाकारों द्वारा बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अजय दयाल भटनागर ने की एवं संचालन चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा किया गया। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किए जाने के किए जाने के उपरांत मां सरस्वती के चरणों में सभी साहित्यकारों ने विनय पूर्वक पुष्प अर्पण किया। विश्व परिदृश्य में घट रही घटनाओं का उल्लेख करते हुए 50 साल पूर्व के आपातकाल के संदर्भ में महाकवि बाबा नागार्जुन द्वारा रचित रचना का संदर्भ सहित वर्णन किया, जले ठूठ पर बैठकर गई कोयलिया कूक, बाल न बांका कर सकी शासन की बंदूक। गीतकार मेहताब सिंह एवं गीतकार राजेश नेमा ने अपने मधुर कंठ से मौसम माहौल के अनुरूप सभी को मोहित करने वाला गीत सुनाया। भारतीय दर्शन के मर्मज्ञ पंकज नामदेव ने प्रकृति में परमात्मा के दर्शन कराए। वैद्यराज नेहाल सिंह पंथी ने कहा कि तनाव मुक्त जीवन जीने वाला व्यक्ति ही रोग मुक्त हो सकता है। गजल कार कमलेश बंसल ने दिल को छू लेने वाली गजल सुनाई शायर फहीम अंसारी ने अजब गजब बात कही दलालों की दलाली कर रहे हैं।वरिष्ठ साहित्यकार ने कहा कि आज भी वर्ण व्यवस्था के कारण दलित एवं पिछड़ों को अपमानित प्रताड़ित लांछित होना पड़ रहा है। अशोक साहब पेंटर ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब तक जीना है तब तक सीना है। व्यंग्यकार राकेश जैन विद्युत ने कहा कि जो जो शख्स अपनी औकात भूल जाते हैं। वह शख्स दुनिया की नजरों में गिर जाते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार ऋषभ बिंदास ने कहा कि जब वक्त बदलता है तो रिश्ते भी बदल जाते हैं। ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने बहुत ही गहरी बात कही कि परम शब्द परमात्मा के पहले ही उपयोग किया जाता है। अन्य किसी भी ज्ञानी ध्यानी साधु संत के लिए परम शब्द का उपयोग करना सनातन धर्म के विरुद्ध है, हरदिल अजीज हरिनारायण हरि ने भक्ति संगीत की स्वर लहरी से सभी का मनमोहन लिया। महेंद्र भार्गव के गीत ने सभी को सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अजय दयाल भटनागर ने इस सत्य से साक्षात्कार कराया कि कवि की कथा व्यथा समाज की कथा व्यथा होती है। कवि समय की शिला पर खड़ा होकर अपनी रचना रचता है साहित्यकार संघ के अध्यक्ष जयकुमार शीतल ने कहा कि पदचाप सुनाई देती है, विश्व युद्ध की फिर आहट सुनाई देती है।

## त्योंदा रोड और पचमा बायपास पर लगा जाम



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को शाम के समय त्योंदा रोड और पचमा बायपास मार्ग पर देर तक जाम की लगा रहा। जिससे वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीश स्वामी रथयात्रा के चलते जय स्तंभ चौक से सिटी पहुंच मार्ग पर वाहनों की आवाजारी पूरी तरह से बंद कर दी गई थी। जिसके बाद दो पहिया, चार पहिया वाहन चालक मार्ग परिवर्तित कर पचमा बायपास एवं त्योंदा रोड से होकर निकले जिसके कारण इन मार्गों पर देर तक जाम की स्थिति निर्मित होती रही। जाम में फंसे वाहन चालक एवं पैदल राहगीर जाम हटने के इंतजार में परेशान होते रहे।

## विधायक ने किया पंचायत भवन का भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम पंचायत गमाखर में 37.50 लाख की लागत से बनने वाले पंचायत भवन का भूमि पूजन एवं 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा गतदिवस किया गया। विधायक द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि भाजपा सिर्फ और सिर्फ विकास के लिए कार्य करती है। यह सरकार संकल्प से सिद्धि तक के लिए कार्य कर रही है हमारा प्रयास रहेगा की क्षेत्र के विकास में कोई कमी न रहे। भाजपा की सोच हमेंशा यही रही है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजना का लाभ पहुंचे। इस कार्यक्रम में जनपद में विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लखन रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मीणा, चंद्रशेखर दुबे, तरुवर सिंह रघुवंशी, रूपेंद्र शर्मा, कपिल रघुवंशी, कमल सिंह रघुवंशी, भवानी सिंह रघुवंशी सहित ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### भाजपा नेता मानसिंह ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात की

**सिरोंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मानसिंह रघुवंशी ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात की उन्होंने ग्राम बगरोदा के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए सांसद दीदी लतावानखेड़े द्वारा किए हुए कार्यों की भी जानकारी दी उन्होंने कलेक्टर को भी ग्राम बगरोदा में आमंत्रित किया।

### सशिमं कोरवासा में तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग किया आयोजित



**सिरोंज।** सरस्वती शिशु मंदिर कोरवासा में तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग सम्पन्न हुआ। अंतिम दिवस में मुख्य अतिथि आदरणीय घनश्याम रघुवंशी प्रांत सदभावना प्रमुख ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को सिरमौर बनाने में आचार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आचार्यों को स्वयं अपना मूल्यांकन कर समिक्षा कर समाधान करें एवं प्रारंभिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा खेल खेल में शिक्षण कर भैया बहनों का सर्वांग विकास करना चाहिए।

### पुणे ट्रेन के लिए केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** केन्द्रीय मंत्री डाक्टर वीरेन्द्र कुमार से आज एकता समिति के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। रीवा-पुणे ट्रेन कटनी-बीना होकर चलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। नई रीवा-पुणे ट्रेन को वाया जबलपुर चलाने की घोषणा की गई है। पुणे के लिए वाया जबलपुर अनेक ट्रेन हैं।





# छप्पन भोग लगाकर मालपुआ तैयार किए, भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा धूमधाम से निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा


देश-प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखने वाली गढ़ाकोटा की भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। रथ यात्रा के पहले तीनों रथों की मरम्मत, वार्निश की गई। साथ ही भगवान को छप्पन प्रकार के भोग लगाएं गए ओर मालपुआ तैयार किये गये। देर रात 12 बजे महाआरती और कीर्तन हुआ। सिद्ध क्षेत्र पटेरिया स्थित जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ स्वामी की परंपरागत तरीके से रथ यात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। तीनों रथों पर अलग अलग विराजमान होकर बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी नगर भ्रमण पर निकले। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, अभिषक भार्गव, एसडीएम गोविंद दुबे, एसडीओपी प्रकाश मिश्रा, तहसीलदार ऋषि गौतम, थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे, मंदिर महंत एवं महामंडलेश्वर हरिदास महाराज मनोज तिवारी, शिवदत्त शुक्ला मौजूद रहे। साथ ही रथयात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालु जयकारों के साथ रथों को खींचते हुए चल रहे थे। साथ ही ढोल, मंजीरा, झांझर और भजनों की प्रस्तुति दी जा रही थी। रथ में सवार जगदीश स्वाी की जगह-जगह भक्तों ने आरती उतारी।पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने रथयात्रा के संबंध में बताया कि गढाकोटा कि प्राचीन ओर प्रसिद्ध रथयात्रा अषाढ़ मास कि दोज को होने जा रही है भगवान जगन्नाथ थोड़ी ही देर में रथों में विराजमान होने वाले, मेला लगा हुआ है भक्त लोग दर्शनार्थी लोगों भारी संख्या में नगर प्रदेश व क्षेत्र हजारों कि संख्या में भगवान के दर्शन लाभ ले रहे हैं। गढाकोटा यह रथयात्रा प्राचीन रथयात्रा है जगन्नाथ जी कि जो रथयात्रा पुरी में होती है ओर उसके बाद दूसरी रथयात्रा मानोरा में होती है विदिसा जिले यह तीसरी रथयात्रा है रथयात्रा है जिसकी ख्याति है हम अनेकों स्थानों पर रथयात्रा में गये है लेकिन गढाकोटा कि रथयात्रा का अपना अलग महत्व है सेंकड़ों साल पुरानी यह परंमपरा है हम तो जगन्नाथ जी से यही प्रार्थना करते हैं कि सभी पर अपनी कृपा करें,सभी स्वास्थ्य रहे भगवान का आर्शीवाद सभी मिलता रहे।

महामंडलेश्वर महंत श्री हरिदास जी ने बताया कि करीब ढाई सौ सालों से भी अधिक लगातार यह धार्मिक आयोजन चल रहा है। यहां बता दें की यात्रा रूई बाजार पहुंचने पर परंपरानुसार नगर के बाजार वार्ड स्थित लम्बरदार परिवार से जगदीश नायक के व परिजनो में के.के नायक, राकेश नायक, विनीत नायक के द्वारा गाजे बाजे और आतिशबाजी से भगवान कि आगवानी की गई। जनकपुरी पहुंचने पर आरती के बाद भगवान को विराजमान किया गया। 14 जुलाई सावन के पहले सोमवार तक यहां रूककर भगवान वापिस सिद्ध क्षेत्र जगदीश मंदिर पटेरिया जायेंगे। मालगुजार परिवार से जगदीश नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे घर स्वयं जगदीश स्वामी आते हैं जो बड़े ही पुण्य कि बात है में ओर मेरा परिवार बड़ा ही भाग्य शाली है जो भगवान कि सेवा करने का हम लोगो को स्वयं भगवान जगन्नाथ अवसर प्रत्येक वर्ष देते है हम सभी लोगो को रथयात्रा में नगर के सभी लोगों का सहयोग मिलता है।

## आसमान साफ, थमा बारिश का दौर

# सूरज निकलने से बढ़ा तापमान मिली निवासियों को मिली राहत

### एक बार फिर मिल रहा मूंग कटाई का मौका



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले एक सप्ताह से संपूर्ण क्षेत्र में कभी भी धीमी या जोरदार बारिश का माहौल बना हुआ था। शुक्रवार को सुबह से आसमान में बादल छटने के साथ निकली तेज धूप से क्षेत्र के निवासी राहत महसूस करते रहे। जिस प्रकार मौसम साफ हुआ है, उससे एक बार फिर जिनकी ग्रीष्म कालीन मूंग कटने से बच गई। उन्हें कटाई का मौका मिलता नजर आ रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश से ग्रामीण क्षेत्र के नालो और नदियां जो सूख गई थी, पानी का स्तर भी बढने लगा है। एक सप्ताह से लगातार आसमान में बादलों का डेरा बना रहने के साथ दिन या रात में कभी भी बारिश हो रही थी। घने बादलों के कारण सूर्यदेव के दर्शन भी दुर्लभ हो रहे थे। शुक्रवार को सुबह से बदले मौसम और निकली तेज धूप से लोग नमी की अधिकता से राहत महसूस करते नजर आए।

### मूंग कटाई का मौका

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में 50 हजार है. से अधिक रकबे में मूंग की खेती हो रही है। बारिश शुरू होने से पूर्व अधिकांश किसानों ने सुरक्षित ढंग से बिना पानी में भींगे मूंग निकाल ली। बारिश में मूंग कटाई का कार्य बंद हो गया था। बारिश थमने धूप निकलने से एक बार फिर बची मूंग कटाई का अवसर मिलता नजर आ रहा है।

### नदी नालों में पानी

पिछले दिनों में अनेक बार जोरदार बारिश हुई, जिससे गर्मी में सूख गए नदी नालो में पानी भरना शुरू हो गया। बीती रात जोरदार बारिश हुई। जिसका पता लोगो को सुबह लगा जब सडक़ो पर फैली कीचड पानी के साथ बह जाने से सडक़े साफ चकाचक नजर आई। बारिश का दौर थमते ही तापमान में भी बढौत्री हुई।

## सागर के प्रवीण ने तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल जीता

**सागर।** भारतीय सेना की यूपी के बरेली जाट रेजीमेंट सेंटर में कुश्ती की आर्मी चैंपियनशिप बरेली उप्र में सागर के प्रवीण पहलवान ने तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया उन्होंने पहले राउंड में अतुल से 0-8 से जीत हासिल की और दूसरे राउंड में पंकज से 3-7 से जीत हासिल की चौथी राउंड में पंकज से 1-6 से जीत हासिल कर मेडल जीता। इस उपलब्धि पर भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया, प्रदेश सह सचिव कौशल सोनी पहलवान, मगन पहलवान, रमेश चंदेल, रवि अग्रवाल, श्याम पहलवान, लल्लू भैया, रज्जन पहलवान, रामराजा यादव, ज्ञानी पहलवान, ठाकरी पहलवान, पुरुषोत्तम पहलवान, हरदास पहलवान, जगत सिंह पहलवान, शिब्बू पहलवान, भागीरथ पहलवान, अभिषेक उपाध्याय, अभिषेक साहू, प्रतीक दुबे, ललित, प्रदीप, निलेश जैन, विनय जैन, मोहित ठाकुर, सौरभ यादव, अभिषेक आदि लोगों ने शुभकामनायें दीं।

## विवि : डॉ. एसपी उपाध्याय कुलसचिव नियुक्त

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में नियमित कुलसचिव के रूप में डॉ. एस. पी. उपाध्याय की नियुक्ति हुई है। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक में चयन समिति की अनुशंसा को स्वीकृति देते हुए उनकी नियुक्ति 05 वर्ष के लिए की गई है। शुक्रवार सायं उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई और शुभकामनायें प्रेषित की। इसमें उपकुलसचिव सतीश कुमार, प्रो. अनिल जैन, प्रो अजीत जायसवाल, प्रो राजेंद्र यादव, प्रो भागवत, प्रो एम एल खान आदि शामिल थे।



## सरस्वती शिशु मंदिर की साधारण सभा में हुआ निर्वाचन संपन्न

**बरेली।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरेली में साधारण सभा एवं निर्वाचन कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी के रूप में देवकीनंदन चौरसिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख एवं मुख्य अतिथि के रूप में मध्यभारत प्रांत के सह प्रांत प्रमुख दीपक जी चंदेवा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में माँ नर्मदा शिक्षण समिति के अध्यक्ष कमल किशोर पुरोहित तथा साधरण सभा के सभी सदस्य उपस्थित रहे। वार्षित आय व्यय प्रस्तुत किया गया। इसी के साथ आगामी शिक्षा सत्र के संबंध में चर्चा की गई। सर्व सम्मति से चुने पदाधिकारी - अध्यक्ष मनोज शांडिल्य, उपाध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, सचिव हीरेन्द्र मालवीय, सह सचिव विकास, लखन राय, कोषाध्यक्ष शक्तिदेव राजौरिया, सदस्य कमल किशोर पुरोहित, विनोद साहू, डॉ. अमित जैन, अभिभावक प्रतिनिधी श्रीमती पार्वती कुशवाहा, प्रतिष्ठान प्रतिनिधी अंकित शुक्ला, पदेन प्राचार्य जयप्रकाश जी तिवारी सर्व सम्मति से चुने गए।

### श्री कृष्णा गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या.
### श्री कृष्णा कॉलोनी, विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक : डी.आर.भो.64, दिनांक 27/03/1974

:: साधारण / आम सभा बैठक - 2025 ::

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण / आम सभा की बैठक का आयोजन दिनांक 29-06-2025 को दिन रविवार समय दोपहर 04.00 बजे सेवा भारती भवन श्री कृष्णा कॉलोनी में किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य होकर प्रार्थनीय है। नोट : कोरम के अभाव में विलम्बित सभा की कार्यवाही आधा घंटा बाद प्रारंभ कर सम्पन्न कर की जायेगी।

नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
अध्यक्ष
श्रीकृष्णा गृह नि. स. समिति मर्या.
72, श्री कृष्णा कॉलोनी, विदिशा (म.प्र.) मो- 9425464590

## घर में सोते वृद्ध को मारा मुक्का, मौत

# बिजली का तार निना बना विवाद का कारण, एक ने गंवाई जान

### हत्यारोपी दोनों भाइयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बरेली।** नगर से लगे हुए ग्राम कामतोन में बीती रात आपसी रिश्तेदारों के बीच डीपी से बिजली का तार निकल जाने की बात को लेकर विवाद झगडा हुआ। आरोपी संतोष, सुनील शिल्पी ने अपने घर आंगन में सो रहे लगभग 60 वर्षीय भवानी शिल्पी के सीने में मुक्का मार दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

### दो आरोपी गिरफ्तार

मृतक भवानी शिल्पी और हत्यारोपी संतोष एवं सुनील शिल्पी आपस में रिश्तेदार होने के साथ पडोसी भी है। एक ही स्थान खंबे से दौनों का बिजली का कनेक्सन है। आरोपी संतोष सुनील शिल्पी का बिजली तार निकल गया, इसी बात को लेकर दौनो पक्षो में विवाद हुआ। हत्यारोपी दौनो भाई मृतक भवानी शिल्पी के घर पहुंचे और उसके पुत्र प्रदीप से तार निकालने को लेकर कहासुनी विवाद हुआ। घर में सो रहे वृद्ध भवानी शिल्पी जो कि टीवी के मरीज थे, सीने में मुक्का मार देने से मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी देते हुए टीआई कपिल गुप्ता ने बताया कि बीएनएस की धारा 103 के तहत प्रकरण दर्ज कर दौनों हत्यारोपियों संतोष एवं सुनील शिल्पी को गिरफ्तार कर लिया है।

# सरकारी और निजी स्कूलों के नए शिक्षा सत्र में छात्रों की कम उपस्थिति से लग रहे स्कूल

### सरकारी विद्यालयों में जुलाई से प्रवेश की परंपरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है। स्कूलो में जैसी भारी उपस्थिति छात्र-छात्राओं की होना चाहिए उसमें कमी बनी हुई है। सरकारी और प्रायवेट स्कूलों में छात्रों की प्रवेश की अभी शुरूआत हो रही है। भले ही शासन की नीति के अनुसार जून से नया शिक्षा सत्र शुरू हो परंतु पालको और छात्रों की जुलाई से ही नया शिक्षा सत्र शुरू होने की मानसिकता और पुरानी परंपरा बनी नजर आ रही है।

नगर मे लगभग 50 सरकारी और प्रायवेट स्कूल जिनमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए हजारो छात्र-छात्राए अध्ययन करते है। प्रायवेट स्कूलों की बसे तो ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को आने जाने की सुविधा भी प्रदान करती है। प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल, हा.से. स्कूल के साथ एक शासकीय महाविद्यालय और 2 प्रायवेट कॉलेज आईटीआई भी नगर में संचालित हो रहे है। इसी के साथ सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज भी फोरलेन-45 किनारे ग्राम समनापुर जांगीर में बरेली के नाम से संचालित हो रहा है।

### स्कूलों में बढ़ी हलचल

सरकारी और प्रायवेट स्कूलो में छात्र-छात्राओं के प्रवेश को लेकर पालको के सक्रिय होने के साथ स्कूलों में पहुंचना शुरू हो गया है। सरकारी और प्रायवेट स्कूलो में भी नये शिक्षा सत्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। प्रतिदिन प्रायवेट स्कूलों की बसे सडक़ो पर दौडऩे लगी है। परंतु छात्र-छात्राओं की फिलहाल अपेक्षित उपस्थिति में कमी नजर आ रही है। आने वाले दिनों में स्कूलो में छात्रों की संख्या में इजाफा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।










# अगले पल भर का भरोसा नहीं और वर्षों के लिए सामान का कर रहे इंतजाम: मुनि अक्षय सागर

### पंच कल्याणक में जबलपुर, छिंदवाडा, कटनी, लखनादौन सहित दूर-दूर से आए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



नगर में आयोजित होने वाले जैन समाज के पंचकल्याणक महा महोत्सव में नगर सहित बाड़ी, बम्होरी, सिलवानी, गैरतगंज, बेगमगंज, देवरी, तेंदूखेड़ा, जबलपुर, लखनादौन, छिंदवाड़ा आदि शहरों से बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं ने पुण्यार्जन कर रहे हैं।

वहीं धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि अक्षय सागर महाराज ने कहा कि अपरिगृह आत्म कल्याण में बाधक होता है। संत समागम से संसार का पता चलता है। मनुष्य को पल की खबर नहीं और सौ साल का सामान इक_ा करता है। जबकि जीवन जीने के लिए थोड़ा कमाना चाहिए, अधिक कमाने से पाप बढ़ता जा रहा है। सुख संसार में है ही नहीं, आत्म शांति ले लिए आचार्य श्री विद्यासागर जी कहते थे। बाहर शांति नहीं हमारे अंदर शांति होती है, खुद के दोषों को दूर करके ही शांति प्राप्त की जा सकती है। शांति के बिना आत्म कल्याण नहीं हो सकता। राग द्वेष सहित रह कर शांति नहीं हो सकती शांति के लिए भगवान की शरण ही एक मात्र साधन होता है।

### *आत्मा के दोषों को दूर करना*

*मान अभिमान राग द्वेष रूपी कर्मों को नष्ट करने से कर्म विजेता को संसार में भगवान कहा जाता है। दोषों का ज्ञान निर्दोष आत्मा को जानने से ही होता है। उन्होंने कहा कि पंच कल्याणक का लक्ष्य आत्मा से दोषों को दूर करने में सहायक होता है,तीर्थंकर भगवान ने प्राणी मात्र के कल्याण के लिए संसार में आकर सच्चे धर्म का मार्ग बताया, आरंभ परिग्रह से भविष्य बिगड़ रहा है। उच्च कुल पूर्व में किए कर्मों से प्राप्त है, उच्च कुल में आकर जो नीच कर्म करते है, उनका भविष्य खराब हो रहा है। बताया धर्मात्मा के बिना धर्म तीर्थ आगे नहीं बढ़ता, धन से कभी धर्म नहीं बढ़ता आज प्रातः पंच कल्याणक स्थल में नित्य अभिषेक शांति धारा पूजा के पश्चात विनय भैया जी द्वारा बताया आज आदि कुमार की बारात विवाह आदि की क्रिया संपन्न हुई।*

### *हुए कार्यक्रम*

*आदि कुमार की बारात विवाह में नाटक मंचन में बारात में जुटे सभी राजा चक्रवर्ती, महामंडलेश्वर, सभी इंद्र इंद्राणी हर्ष उल्लास से बारात निकली रानियों ने मंगल बधाई गीत गाए। महाराज आदि कुमार की दिग्विजय यात्रा में अनेक राजाओं ने महाराजा ऋषभ देव की अधीनता स्वीकार की।*






# जिला अस्पताल के मरीजों की सेवाओं की गुणवत्ता की जांच करने दिल्ली से आई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला अस्पतालों में सरकार द्वारा मरीजों की सुविधाओं के लिए चलाई जा रही चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को परखने के लिए शुक्रवार को दोपहर नई दिल्ली से तीन सदस्यीय टीम जिला अस्पताल पहुंची। नई दिल्ली की टीम द्वारा जिला अस्पताल के स्वास्थ्य सेवाओं की मानक गुणवत्ता प्रमाण पत्र देने के लिए मिशन और विजन पर काम कर रही है।

टीम द्वारा जिला अस्पताल के मेल-फीमेल वार्ड, प्रसूता, लेबर रूम, पैथोलॉजी लैब की व्यवस्थाओं को देखा। टीम में शामिल दो महिला अधिकारी के साथ ही जिला अस्पताल के डॉ बसंत पटेल और दंत रोग चिकित्सक विनोद परमार, सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान, एसएनसीयू प्रभारी एवं चाइल्ड स्पेशलिस्ट डा आलोक राय आदि उपस्थित रहे।



## टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

### खामियां मिलने पर लगाई फटकार

*नई दिल्ली से आई टीम को निरीक्षण के दौरान मिली खामियां, जिससे महिला डॉक्टर नाराज हो गई और जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए इसे दूर करने के निर्देश दिए। आइंदा ऐसी दोबारा गलती बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारों पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा।*

### लगवाई झाड़ू, परिसर चकाचक

दिल्ली 3से आई टीम की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा आनन फानन में सफाई कर्मचारियों को बुलाकर अस्पताल परिसर में झाड़ू लगवाई, जिससे परिसर थोड़ी देर में ही चकाचक नजर आने लगा।



### यह है टीम का मिशन और विजन

*शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक राय ने बताया कि टीम का मिशन राष्ट्रीय राज्य स्तरीय नीति अनुरूप जिला अस्पताल रायसेन में नवाचार करना है।इसके माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं वितरण तंत्र की उत्कृष्टता लगातार बेहतर गुणवत्ता को बढ़ावा देना है।मिशन का विजन एक समाज जहां परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ रहते हैं।घर के सभी सदस्यों स्वस्थ्य रहे लंबी आयु जियें यही विजन है।*

## खबर संक्षेप

### सड़क की साइड में डली मिट्टी में धंसा ट्राला



**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर शुक्रवार सुबह 11 बजे के लगभग एक ट्राला विदिशा से भोपाल जा रहा था। जैसे ही नगर के पीएमश्री शासकीय विद्यालय के पास पहुंचा तो ट्राला अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गया, जिससे वह मिट्टी में धंस कर वहीं पर रह गया। गनीमत रही कि ट्राला पलटा नहीं। जेसीबी की सहायता से मिट्टी को हटाकर ट्राले को बाहर निकाला गया है। ठेकेदार द्वारा रोड के दोनों साइड मिट्टी डालकर साइड भरी गई है। बारिश होने के कारण रोड के दोनों साइड की मिट्टी गीली हो गई है। इस मिट्टी में जो भी वाहन रोड से नीचे उतरता है धंस कर रह जाता है।

### एमपी पीएससी में विपुल रावत ने किया टॉप

**सिलवानी।** ग्राम भटपुरा में जन्मे विपुल कुमार रावत ने ऐसा काम किया जो प्रतियोगी परीक्षाओ की



तैयारी कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन सकते है। विपुल कुमार ने दो प्रतियोगी परीक्षाओं में टॉप रैंक प्राप्त कर ग्राम सहित तहसील का नाम रोशन किया। वह 2023 में आयोजित माइनिंग ऑफिसर तथा सहायक भू-वैज्ञानिक परीक्षा शामिल हुए। उनके द्वारा माईनिंग ऑफिसर की परीक्षा में 500 में से 359 अंक तथा सहायक भूवैज्ञानिक परीक्षा में 500 में से 363 अंक प्राप्त कर राज्य में टॉन स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर मित्रो, परिजनो ने शुभकामना देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**सांची।** ग्राम काछीकान्हा खेड़ा में बिजली के करंट लगने से भूपेंद्र पिता लालचंद कुशवाहा उम्र 20 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूपेंद्र अपनी गाय को बिजली पोल से बांधने गया था। जिसमें करंट प्रभाहित हो रहा था, जैसे ही उसने पोल को छूआ तो वह करंट की चपेट में आ गया। सांची से उसे विदिशा रेफर किया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## वरना... लापरवाह शिक्षकों का आधे दिन का वेतन काटा जाएगा

# शिक्षकों को एप पर घंटे भर के अंदर ऑनलाइन देना पड़ेगी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग नित्य नए-नए नवाचार कर सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों के लचर सिस्टम को सुधारने पर फोकस कर रहा है। इसी कड़ी में शिक्षकों को अब एप पर एक घंटे के अंदर ऑनलाइन तरीके से उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। इसे लेकर शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके अलावा शासन ने शिक्षकों को स्कूल में ही विद्यार्थियों के बीच मोबाइल से सेल्फी फोटो लेनी होगी, तब कहीं जाकर उनको वेतन मिल पाएगा।

इस एप पर शिक्षकों को संबंधित शाला के शुरू होने के एक घंटे के अंदर उपस्थित दर्ज करानी होगी। वहीं छुट्टी के भी आधे घंटे बाद शाला छोड़ते समय एंट्री करनी होगी। इस समय के बाद यदि कोई शिक्षक अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है तो उसका आधे दिन का अवकाश माना जाएगा। समय से उपस्थिति दर्ज न कराने वाले शिक्षकों के आधे दिन के अवकाश का समायोजन उन्हें मिलने वाले आकस्मिक एवं ऐच्छिक अवकाश में से किया जाएगा।




### पहले भी हुए प्रयास.....

विदित हो कि शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस के लिए विभाग द्वारा पूर्व में भी प्रयास किए गए हैं। मोबाइल एप के अन्य माध्यमों से हुए यह प्रयास सफल नहीं हुए हैं। कहीं पर नेटवर्क की समस्या तो कुछ स्थानों पर सही जीपीएस सिस्टम काम न करने से यह व्यवस्था बंद करनी पड़ी है। अब हमारे शिक्षक एप कितना प्रभावी होता है, यह समय आने पर पता चलेगा।

### इनका कहना है

शिक्षा आयुक्त शिल्पा गुप्ता के आदेश का सख्ती से पालन किया जाएगा।शिक्षक शिक्षिकाएं अब ऑनलाइन तरीके से एप के जरिए अटेंडेंस देंगे।इसकी तैयारियां अंतिम चरण में है। इसके अलावा शिक्षकों को स्कूलों में विद्यार्थियों के बीच सेल्फी लेना भी अनिवार्य कर दिया है।

**- डीडी रजक,** डीईओ रायसेन।

### डीपीआई कमिश्नर भोपाल ने जारी किए आदेश

*शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए एक बार फिर से लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने निर्देश जारी किए हैं। इस बार यह काम शिक्षकों के लिए विभाग द्वारा तैयार किए गए हमारे शिक्षक एप से किया जाएगा। यह व्यवस्था ट्रायल के तौर पर 23 जून से शुरू होगी और इसके बाद 1 जुलाई से इसे नियमित किया जाएगा। इसके साथ ही इस एप पर शिक्षकों को अन्य सुविधाएं भी मिलेगी।*

*विभाग की आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इसमें बताया गया है कि हमारे शिक्षक एप का ट्रायल 23 से 30 जून तक किया जाएगा। इसके बाद 1 जुलाई से इसे नियमित किया जाएगा। इस एप के बाद अब शिक्षकों को अपने स्वत्वों से संबंधित आवेदन देने, उनके हितलाभ की जानकारी, उनका संधारण, व्यक्तिगत लाभ एवं स्वत्वों के भुगतान की भी सुविधा होगी। इसी एप के माध्यम से अब शिक्षकों ने तैयारियां शुरू कर दी है।*

# नप सिलवानी की अध्यक्ष प्रति. और महिला स्व सहायता अध्यक्ष थाने में एफआईआर

## टीम ने जांच में पकड़ी गड़बड़ी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की सिलवानी नगर परिषद की अध्यक्ष पति और स्व सहायता समूह की अध्यक्ष के ख़िलाफ़ धोखाधड़ी का मामला सिलवानी थाने में दर्ज किया गया है। मामले की चर्चा जन जन की जुबान पर है।

नगर परिषद की अध्यक्ष रेशु जैन के पति विभोर जैन और महिला स्व सहायता समूह अध्यक्ष वंदना केवट के ख़िलाफ़ मामला हुआ दर्ज। अवैध रूप से गेंहू खरीदी करने के कारण हुआ है थाने में प्रकरण दर्ज। यह रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के बीकलपुर के स्वास्तिक वेयर हाउस का मामला बताया जा रहा है।

### बिना स्लाट बुकिंग के ही खरीद लिया था 634 क्विंटल गेंहू

8 किसानों ने गेंहू बेचने के लिए मई महीने में किया था रजिस्ट्रेशन। लेकिन गेंहू को मार्च में बेच दिया था। इन सभी 8 किसानो को ऑनलाइन भुगतान भी किया गया था। चार विभागों की संयुक्त टीम ने मामले की जांच पड़ताल की। चारों विभाग की संयुक्त टीम ने जांच में धोखाधड़ी पाई थी। वेयर हाउस कार्पोरेशन, नापतौल विभाग, जिला आपूर्ति विभाग और सहकारिता विभाग ने की थी। कलेक्टर के निर्देश पर जांच तत्कालीन कलेक्टर अरविंद दुबे ने निर्देश पर की गई थी। पूरा मामला 29 अप्रैल 2022 का है लेकिन 10 जून 2025 को धारा 418 और धारा 420 में सिलवानी पुलिस ने किया मामला दर्ज कर लिया है।

## बालमपुर घाटी पर हुआ हादसा

# खड़े ट्रक से टकराकर पलटा मिनी ट्रक, चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बीती रात भोपाल रोड स्थित बालमपुर घाटी पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भोपाल की ओर से विदिशा की तरफ जा रहा आईशर मिनी ट्रक घाटी से उतरते समय घाटी पर खड़े एक खराब ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि मिनी ट्रक मौके पर ही पलट गया। हादसे में गंभीर घायल ट्रक चालक बृजेश आदिवासी को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बालमपुर की घाटी चढ़ते समय एक ट्रक खराब हो गया था, जो घाटी पर ही खड़ा था। उसी समय भोपाल की ओर से आ रहा मिनी ट्रक तेज रफ्तार में घाटी से उतरते समय संतुलन खो बैठा और सीधे खड़े ट्रक में जा घुसा।

# 10 दिन कारोबार रहेगा बंद, बोहरा समाज मोहर्रम में मनाएंगे मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेग़मगंज

दाउदी बोहरा समाज द्वारा जमाली मस्जिद हॉल में दस दिनी मातम का पर्व मोहर्रम की शुरुआत हो चुकी है। यह 26 जून से 5 जुलाई तक चलेंगे। दाउदी बोहरा समाज के सदर मुल्ला अबुल हसन फखरी, समाजसेवी मुल्ला लियाकत अली साहब ने बताया कि मातमी पर्व मोहर्रम के अंतर्गत 10 दिन तक घरों में चूल्हा नहीं जलेगा और खाना नहीं



बनेगा। लिहाजा सभी समाज के लोग एक साथ जमातखाने में ही दोनों समय का सामूहिक भोजन करेंगे।

उन्होंने बताया कि मोहर्रम के इन पूरे 10 दिनों में समाज के सभी लोग अपने प्रतिष्ठान और कारोबार बंद रखे हुए हैं, वहीं बच्चे भी स्कूल और कॉलेज से छुट्टी ले चुके हैं। दाउदी बोहरा समाज द्वारा मोहर्रम का मातमी पर्व मनाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत गुरुवार को हुई। मोहर्रम पर बोहरा समाज अब योमे आशुरा दसवीं तारीख तक (5 जुलाई तक) कारोबार बंद रखेंगे।

प्रवक्ता मुस्तफा फखरी और आबूजर अली ने बताया कि समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन मौला के फरमान अनुसार मस्जिद में दोपहर में वाअज (प्रवचन) और शाम को मजलिश हो रही है। यहां आमिल साहब द्वारा तकरीर की जा रही है। रायसेन से समाज के कुछ लोग चेन्नई और भोपाल जाएंगे।

# एसबीआई की वर्षगांठ पर लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेग़मगंज

भारतीय स्टेट बैंक के 70 वां स्थापना वर्ष पर बैंक की सामाजिक सेवा दायित्व (सीएसआर) अंतर्गत शुक्रवार को सिविल अस्पताल बेगमगंज में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

सिविल सर्जन डॉ. यशपाल सिंह के निर्देशन एवं सीबीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय रायसेन से आई ब्लड बैंक इकाई द्वारा रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में 26



रक्तदानकर्ताओं में भारतीय स्टेट बैंक कर्मियों एवं स्वास्थकर्मियीं द्वारा स्वैच्छिक से रक्तदान किया।

शिविर में बैंक स्टाफ, नागरिक, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं निजी विभागों, प्रतिष्ठानों, स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग प्राप्त हुआ। बैंक मैनेजर तेजस्वी पटेल द्वारा रक्तदान दाताओं एवं सहयोगी स्वास्थ्य कर्मियों को बैंक द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

भा. स्टेट बैंक बेगमगंज शाखा के मुख्य प्रबंधक तेजस्वी कुमार पटेल ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना वर्ष के अवसर पर देश में कई केंद्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### जिले में अभी तक 165.1 मिमी औसत बारिश दर्ज

**रायसेन।** जिले में 1 से 27 जून तक 133.5 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 92.2 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी जानकारी के अनुसार 1 जून से 27 जून तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 128.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 140.7, बेगमगंज में 283.6, सिलवानी में 189.4, बरेली में 131.8, बाड़ी में 143.5 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## श्रद्धालुओं ने बरसाए आस्था के फूल, दर्शन कर लिया धर्म लाभ

# भगवान श्री जगदीश स्वामी की निकली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेग़मगंज

भगवान जगदीश स्वामी जी रथ पर सवार होकर अपने भाई बलराम एवं बहन शुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकले। वहीं नगरीय क्षेत्र समेत ग्रामीण अंचल से आए हजारों श्रद्धालुओं को दर्शन के साथ आशीर्वाद दिया। भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा माला फाटक स्थित जगदीश मंदिर से हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सनातन धर्मालंबियों द्वारा रथ को खींचते हुए जयघोष के साथ निकाली गई।

सुबह जगदीश मंदिर में पुजारी पं शिवनारायण शर्मा ने विशेष पूजा-आरती के बाद उन्हें रथ में विराजमान कराया गया, फिर मंदिर के आसपास भ्रमण करने के बाद शहर में भक्तों को दर्शन देने निकले। रथ यात्रा का नगर के बजरिया चौराहा पर पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम कुशवाहा, कबीट चौराहे पर अरुण खरे, पुराना बस स्टैंड पर चंद्रमोहन साहू, सागर रोड़ पर सुदर्शन घोषी, विजय पहलवान, राजेन्द्र सिंह तोमर एवं रविन्द्र पटेल एवं कांग्रेस



कार्यकर्ताओं द्वारा आरती उतारी गई।

भगवान जगन्नाथ शुकव्रार रात्रि दशहरा मैदान स्थित मंदिर में विश्राम के बाद 28 जून शनिवार को घर वापसी करेंगे। जगदीश मंदिर प्रबंधन समिति के बाबूलाल जागीरदार, सूरज जागीरदार, नब्बू कुशवाहा, धन्नू कुशवाहा, मन्नू कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, सोमत कुशवाहा, पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम कुशवाहा, चुन्नू कुशवाहा, विनोद कुशवाहा सागोनी, राहुल कुशवाहा, शोभाराम कुशवाहा, जगन कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा आादि के अतिरिक्त भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा के लिए बनाए गए जिम्मेदार हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष संतोष राय, हिन्दू उत्सव समिति महामंत्री महेश नेमा, एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, तहसीलदार एसआर देशमुख, थाना प्रभारी राजीव उइके के साथ ही सुरक्षा को लेकर पुलिस बल भी रथयात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत एवं विधायक देवेंद्र पटेल, नपाध्यक्ष संदीप लोधी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष संतोष राय आदि ने भी विशेष रूप से पूजा-अर्चना की गई।

### नगर में पहली बार रथ पर सवार होकर निकले जगन्नाथ स्वामी

**सांची।** नगर में पहली बार महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। महाप्रभु जगन्नाथ ज्येष्ठ बलभद्र और भगिनी सुभद्रा के साथ रथ



पर आरूढ़ होकर यूटोपिया रिसॉर्ट से निकलें और सांची नगर का भ्रमण कर वापस यूटोपिया लौटें, जहाँ पर हरिहर मिलन और भजन संध्या के साथ रथयात्रा उत्सव का समापन हुआ। वहीं भोपाल के सुप्रसिद्ध भजन गायक पंडित विजय चतुर्वेदी रात्रि में अपने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विख्यात फिल्म अभिनेता और सांसद रविकिशन भी रथयात्रा के शुभारंभ पर उपस्थित रहें।

# कलेक्टर ने कमका भूसीमेटा में धरती आबा शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शुक्रवार को रायसेन जिले के सांची जनपद के ग्राम कमका, भूसीमेटा में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं तथा सेवाओं का लाभ दिया गया।

कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा कमका भूसीमेटा पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया गया और जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों से संवाद किया गया। उन्होंने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से जानकारी ली। शिविर में कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाकर जनजातीय वर्ग के लोगों को शासन की योजनाओं, सेवाओं का लाभ देकर उनका जीवन स्तर सुधारा जा रहा है।

शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सम्बल कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि के आवेदन, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन सहित अन्य योजनाओं के हितलाभ वितरण की कार्यवाही की गई।

## धरबी आबा अभियान के तहत शिविर आयोजित

